09.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :

- महिला सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया बीमा सखी योजना का शुभारंभ ।
- स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का 7वां संस्करण बुधवार से देशभर के 51 केंद्रों पर होगा शुरू ।
- प्रदेश में 12 दिसम्बर तक होगा गीता महोत्सव का आयोजन, गीता क्विज में शामिल हुए 6 लाख बच्चे।
- मौसम विभाग ने दी अगले 24 घंटे बाद कड़ाके की सर्दी की चेतावनी

प्रधानमंत्री-बीमा सखी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं में वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढावा देने के लिए हरियाणा के पानीपत में बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। भारतीय जीवन बीमा निगम की इस पहल से 18 से 70 वर्ष तक आयु की महिलाओं का सशक्तीकरण होगा। इस योजना के अंतर्गत दसवीं पास महिलाओं को विशेषज्ञता प्रशिक्षण दिया जाएगा और पहले तीन वर्ष के लिए मासिक भत्ता दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किये।

इस अवसर पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि सरकार ने बीमा सखी योजना के अंतर्गत तीन वर्षों में दो लाख से अधिक महिलाओं की भर्ती का लक्ष्य निर्धारित किया है।

सर्वोच्च न्यायालय –यौन उत्पीडन

सर्वोच्च न्यालय ने आज एक जनहित याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें राजनीतिक दलों को यौन उत्पीड़न विरोधी कानूनों के तहत शामिल करने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग राजनीतिक दलों पर कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार यौन उत्पीड़न की शिकायतों से निपटने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा। जनहित याचिका में बताया गया है कि राजनीतिक दलों में मानकीकृत आंतरिक शिकायत समितियों की कमी से यौन उत्पीड़न के मामलों की अनदेखी हो सकती है और इसको बढ़ावा मिल सकता है।

प्रधानमंत्री जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश आत्मनिर्भर बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान वैश्विक है और इसका असर भी वैश्विक है। इसके लिए सरकार एक समग्र दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है। श्री मोदी जयपुर में आज उभरता राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व के निवेशक और विशेषज्ञ भारत को लेकर काफी उत्साहित हैं। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र का पालन करके भारत द्वारा हर क्षेत्र में हासिल किया गया विकास दिख रहा है। श्री मोदी ने कहा कि युवा आबादी और आंकडे देश को विकास की राह पर आगे ले जाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का 7वां संस्करण 11 दिसंबर को देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअली इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। एसआईएच एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य छात्रों को हमारे दैनिक जीवन में आने वाली कुछ गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करना है और इस प्रकार उत्पाद नवाचार और समस्या-समाधान मानसिकता की संस्कृति को विकसित करना है।

गीता महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गीता महोत्सव का आयोजन प्रसन्नता और गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 8 से 12 दिसम्बर तक गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है इसमें श्रीमद्भगवद्गीता पर केन्द्रित विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

वहीँ,स्कूल शिक्षा विभाग ने इस्कॉन के सहयोग से स्कूल के विद्यार्थियों की श्रीभगवत गीता पर केन्द्रित क्विज प्रतियोगिता 26 से 29 नवम्बर तक आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के 6 लाख विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

कीर्ति वर्धन- डीपीआई

सरकार ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में पांच करोड़ से अधिक फर्जी राशन कार्डों की पहचान कर उन्हें रदद किया गया है। नई दिल्ली में डिजिटल बुनियादी ढांचे और डिजिटल कनेक्टिविटी पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि देश भर में चार करोड़ से अधिक फर्जी एलपीजी कनेक्शन समाप्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सात लाख से अधिक फर्जी मनरेगा जॉब कार्ड भी समाप्त किए गए हैं। श्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के तहत लगभग 30 लाख गैर-मौजूद लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें भी हटा दिया गया है।

वाटर स्पोर्ट्स

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों के प्रति युवाओं और नागरिकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से सप्ताह में एक दिन भोपाल में लेक व्यू पर वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों का प्रदर्शन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिये एक इवेंट प्रोग्राम भी बनाएं, जिसमें वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों को पूरा शहर देखे। श्री सारंग ने शुरूआत में अकादमी के बच्चों से भेंटकर उनकी समस्या और सुझाव जाने।

मौसम

प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। अधिकांश जिले में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ने वाली है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे बाद कड़ाके की सर्दी का अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि वर्तमान में हवाओं का रुख उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी बना हुआ है। इस वजह से कल से न्यूनतम तापमान में कमी आने की संभावना हैं। प्रदेश के तापमान की बात करें तो कल भोपाल में 27 दशमलव 8 डिग्री, इंदौर में 27 दशमलव 5 डिग्री, ग्वालियर में 26 दशमलव7 डिग्री, और जबलपुर में 28 दशमलव 3 डिग्री तापमान रहा। रात में ग्वालियर-राजगढ़ शहर सबसे ठंडे हैं।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के फतेहाबाद चंद्रावतीगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इंदौर के सांसद शंकर लालवानी एवं उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया ने नवनिर्मित तीन लिफ्टों का शुभारंभ किया गया।
- मंदसौर में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मल्हारगढ़ में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का शुभारंभ किया।
- मंडला जिले की अंजनियां चौकी पुलिस ने व्हाटसअप व टेलीग्राम ग्रुप में जोडकर शेयर ट्रेडिंग व इंवेस्टमेंट के नाम से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय सायबर ठग गिरोह का खुलासा किया है। जांच में पाया गया कि सायबर ठगों ने देश के 16 राज्यों में 48 शिकायतों में लगभग 7 करोड से भी अधिक की ठगी की है।
- अनूपपुर में पंचायतों के रिक्त पदों के लिए उप निर्वाचन के घोषित कार्यक्रम के अनुसार सरपंच एवं पंच पद हेतु मतदान संपन्न हुआ।
- सीहोर  में कल चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में युवा संगम रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेला में 21 से अधिक कंपनियों द्वारा लगभग 2700 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी।
- राजधानी भोपाल में 15 दिसंबर को एक कैट शो आयोजित होने जा रहा है। इस शो में 10 विभिन्न नस्लों की 300 बिल्लियां हिस्सा लेंगी।
- खंडवा में लिंग आधारित हिंसा के उन्मूलन के लिए “हम होंगे कामयाब” जागरूकता अभियान के दौरान 14 बालिकाओ एवं 44 महिलाओ को प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर अन्य राज्यों से तलाशकर आरोपीयो के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।
- जबलपुर से करीब 30 किमी पाटन तहसील के पास अमरपुर गांव में आज सुबह मजदूरों से भरा पिकअप वाहन  पलट गया। जिसमें सवार करीब 20 मजदूर घायल हो गए, 8 की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें इलाज के लिए मेडिकल काॅलेज रेफर किया गया है।